चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Chaudhary Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : गोप0 / 2153
दिनांक : 22-12-023

प्रेस विज्ञप्ति

विषय : बी0एड / एम0एड0 की छूटी हुई प्रयोगात्मक परीक्षा के आवेदन पत्र जमा करने की तिथि 03.01.2024 तक विस्तारित किये जाने के सम्बन्ध में।

विश्वविद्यालय की विज्ञप्ति संख्या–गोप0 / 2105, दिनांक 15.12.2023 के द्वारा अनुक्रम में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है **जिन छात्रों की बी0एड0 / एम0एड0 सत्र 2019–21, 2020–22, 2021–23 एवं 2022–24 की (कालबाधित को छोड़कर) प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा किन्हीं कारणोंवश छूट गई है।** ऐसे सभी छात्र / छात्रायें ऑफलाईन विश्वविद्यालय परिसर स्थित इण्डियन बैंक में एवं ऑनलाईन www.ccsuniverstiy.ac.in की वेबसाईट के Student Section में जाकर छूटे हुए Practical/Viva का शुल्क रू0 1500 / – जमा कर सकते हैं। तत्पश्चात् संलग्न प्रारूप पर अपना प्रत्यावेदन महाविद्यालय से अग्रसारित कराकर अंकतालिका की छायाप्रति, प्रवेश–पत्र की छायाप्रति व शुल्क जमा की रसीद संलग्न कर गोपनीय विभाग की खिड़की संख्या–40 पर दिनांक 03.01.2024 तक जमा करना अनिवार्य होगा। बी0एड0 एवं एम0एड0 पाठयकमों की परीक्षाओं का संचालन चूंकि नियामक संस्था एन0सी0टी0ई0 द्वारा निर्धारित नियमों के अन्तर्गत किया जाता है। अतः सत्र 2019–21 से पूर्व के छात्र / छात्राओं के कालबाधित की श्रेणी में आने के कारण वे प्रयोगात्मक परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु अर्ह नहीं है।

उक्त नियत तिथि के पश्चात किसी भी छात्र / छात्रा का आवेदन किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जायेगा। दिनांक 03.01.2024 के उपरान्त उक्त प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षाओं को सम्पन्न कराने हेतु तिथि व केन्द्र निर्धारित किये जायेगें, जिसकी सूचना पृथक से विश्वविद्यालय की आधिकारिक वेबसाइट www. ccsuniverstiy.ac.in पर अपलोड की जायेगी। छात्रों से अपेक्षा है कि उक्त वेबसाइट का निरन्तर अवलोकन करते रहें।

यह भी सूच्य है कि उक्त सत्रों की बी0एड0 की छूटी हुई प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा सम्पन्न कराये जाने हेतु यह अन्तिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। अतः इसके उपरान्त अन्य कोई अवसर किसी भी दशा में प्रदान नही किया जायेगा।

संलग्नक : यथोक्त।

22-12-023

परीक्षा नियन्त्रक

प्रतिलिपि :–

1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
2. संकायाध्यक्ष, शिक्षा चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
3. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या को इस आशय के साथ प्रेषित कि व्यापक स्तर पर छात्र / छात्राओं के सूचित करना सुनिश्चित करें।
4. वैयक्तिक सहायक, कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक को कुलसचिव / परीक्षा नियन्त्रक व महोदय के सूचनार्थ।
5. प्रभारी, वेबसाईट, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ।
6. प्रेस प्रवक्ता को इस आशय से प्रेषित कि कृपया उक्त प्रेस विज्ञप्ति को सम्मानित समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित करवाने का कष्ट करें।

उप कुलसचिव (गोपनीय)

–आवेदन का प्रारूप–

छूटी हुयी प्रयोगात्मक / मौखिक परीक्षा कराये जाने हेतु

पाठ्यक्रम / कक्षा (CLASS)--------------------

	विवरण	अग्रेजी के बड़े अक्षरो में अंकित करें
1.	अनुक्रमांक	
2.	नामांकन संख्या	
3.	परीक्षार्थी का नाम	
4.	पिता का नाम	
5.	छूटी हुयी प्रयो0 / मौ0 परीक्षा का वर्ष	
6.	पाठ्यक्रम का सेमेस्टर / वर्ष (I, II, III ,IV----)	
7.	विषय का नाम	
8.	छूटी हुयी परीक्षा विषय कोडों का नाम	
9.	महाविद्यालय का कालेज कोड	
10.	महाविद्यालय का नाम	
11.	मोबाईल न0	
12.	जमा शुल्क का योग	
13.	बैंक में जमा शुल्क रसीद की दिनांक	
14.	संलग्नकः– 1. प्रवेश पत्र की छाया प्रति 2. प्रथम ईयर / सेमेस्टर की अंकतालिका की छाया प्रति 3. छूटी हुयी प्रयो0 / मौ0 परीक्षा (जिसमे अनुपस्थित है) की अंकतालिका की छाया प्रति 4. बैंक में जमा शुल्क की मूल रशीद (विश्वविद्यालय प्रति)	

परीक्षार्थी के हस्ताक्षर

प्राचार्य / प्रचार्या द्वारा अग्रसारित
कालेज की मुहर सहित